**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई पेमेंट के 10 वर्ष पूरा होने के शानदार सफर को बताया महत्वपूर्ण–कहा इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व।
- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की आज पांचवी बैठक' मुख्यमंत्री हिम ऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–2026 रखेंगे सदन में।
- आज ईद–ए–मिलाद–उन–नबी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- कुल्लू जिला में किसान फल उत्पादन के साथ बेमौसमी सब्जियों को उगाकर अपनी आर्थिकी को कर रहे मजबूत।

**यूपीआई– दस वर्ष**

देश और विदेश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने कल अपनी सफलता के दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, पिछले एक दशक में यूपीआई के जरिए होने वाले लेन–देन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना की भारी वृद्धि हुई है। वर्ष 2016–17 में जहां प्रति वर्ष केवल एक करोड़ 78 लाख लेन–देन हुए, वहीं वर्ष 2025–26 में यह आंकड़ा बढ़कर 24 हजार एक सौ 62 करोड़ से अधिक हो गया है। इसी अवधि के दौरान लेन–देन का मूल्य भी सात हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 314 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई के इस शानदार सफर की सराहना करते हुए इसे देश की डिजिटल यात्रा का एक बड़ा महत्वपूर्ण मोड़ बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर देशवासियों से अपने यूपीआई अनुभव साझा करने का आह्वान किया और कहा कि इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। यूपीआई ने न केवल डिजिटल विभाजन को कम किया है, बल्कि देश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ दिया है।

प्रदेश में भी यूपीआई डिजिटल भुगतान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। प्रदेश के लोगों को यूपीआई के माध्यम से पैसों के लेन–देन में काफी सुविधा मिली है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई यूपीआई सुविधा से अब बिना नगदी के भी लेन–देन आसान हो गया है और रोजमर्रा की वस्तुओं को खरीदने के लिए यूपीआई के माध्यम से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं।

**विधानसभा सत्र**

शिमला में चले रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी । आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–26 सदन में रखेंगे। अधिक ब्योरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता..............

*शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, सड़कों और आपदा से जुड़े प्रश्न पूछे गए हैं । इसके बाद शून्यकाल में भी विधायक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–26 सदन में रखेंगे।वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार में पहले संशोधन नियम 2026 की प्रति सदन के पटल पर रखेंगे। इसके अलावा आज सदन में दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव चर्चा के लिए लाए जाएंगे। विधायक राम कुमार क्पहपजंस डमजमत लगने के बाद जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाएंगे। तो वहीं विधायक राकेश जम्वाल भूस्खलन के कारण तत्तापानी–सलापड़ मार्ग बंद होने से बनी स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। सदन में दो दिन से चल रही नियम 130 के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा का आज सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा।वहीं नियम–130 के तहत युवाओं के लिए रोजगार गारंटी के कार्यान्वयन पर चर्चा जारी रहेगी। 24 अगस्त को शुरू हुई इस चर्चा पर आज भी सदन में बहस जारी रहेगी । चार दिन सदन की कार्यवाही काफी हंगामेंदार रही है विपक्षी भाजपा ने राष्ट्रीय गान के अपमान को लेकर सरकार के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि अब कार्यवाही का वीडियो भी सामने आ गया है कहीं राष्ट्रीय गान का अपमान नहीं हुआ है ऐसे में मुख्यमंत्री अब माफी मांगे। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला....*

## ईद–ए–मिलाद–उन–नबी

आज ईद–ए–मिलाद–उन–नबी का त्यौहार है यह दिन पैगम्बर ए इस्लाम हजरत के जनम दिवस के रूप में मनाया जाता है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुने ईद–ए–मिलाद–उन–नबी पर लोगों को बधाई दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ईद–ए–मिलाद–उन–नबी पैगंबर मुहम्मद के उपदेशों को याद करने का अवसर है। वहीँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद ए मिलाद–उन–नबी के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अवसर दुनिया भर में एकता और खुशी को बढ़ावा देगा। उन्होंने कामना की कि दया और समाज के प्रति योगदान की भावना हमेशा देशवासियों का मार्गदर्शन करती रहे।

## फल उत्पादन

कुल्लू जिला में किसान फल उत्पादन के साथ–साथ बेमौसमी सब्जियों की खेती को अपनाकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। विशेषकर फूलगोभी और बंदगोभी की बेमौसमी फसल किसानों के लिए अच्छी आय का साधन है । जिले के के सैकड़ों किसान नकदी फसलों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। अधिक ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू ज़िला सम्वाद्दाता की ये रिपोर्ट

## भूकंम्प

प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह भूकंम्प के हल्के झटके महसूस किये गए। इधर राजधानी शिमला में भी भूकंम्प के झटके महसूस किये गए हैं। नेशनल से.टर फॉर सीस्मोलोजी के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 दशमलव शुन्;य मापी गई और इसका केंद्र शिमला से 66 किलोमीटर पूर्व उत्तर पूर्व दिशा में 10 किलोमीटर की गहराई रहा वही चम्बा में भी भूकंम्प के झटके महसूस किये। इस भूकंम्प से फिलहाल किसी नुक्सान का कोई समाचार नहीं है।

## खेलो इंडिया संवाद...

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत शिमला व माई भारत एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला और राजकीय महाविद्यालय संजौली में "खेलो इंडिया संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी व देश के गौरव मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का कार्यक्रम कल 27 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। खेलो इंडिया संवाद का मुख्य उद्देश्य युवाओं, खिलाड़ियों और देश के भविष्य को एक मंच पर लाकर खेलों के विकास, युवा सहभागिता व राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित करना है।

**पवित्र मणिमेहश यात्रा**

चंबा जिले में आधिकारिक तौर पर 4 सितंबर यानि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से शुरू होने वाली पवित्र मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत हैलीटैक्सी सेवा शुरू हो गई है। ये सेवा श्रद्धालुओं को 20 सितंबर तक मिल पाएगी। हमारे जिला संवाददाता के अनुसार भरमौर से गौरीकुंड तक हैलीटैक्सी सुविधा मिलने के साथ इस बार होली से गौरीकुंड तक भी यात्रियों को ये हैलीटैक्सी सुविधा मिल पाएगी। इसके लिए चार हैलीकॉप्टर अपनी सेवाएं देंगे। भरमौर से गौरीकुंड का एक तरफा किराया तीन हजार 8 सौ 28 रूपए जबकि होली से गौरीकुंड के लिए एक तरफा किराया 6 हजार 2 सौ 55 रूपए निर्धारित किया गया है। ये पवित्र यात्रा 19 सितंबर तक चलेगी। गौरतलब है कि मणिमहेश में पवित्र डल झील में स्नान करने और कैलाश दर्शन के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अल खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**रोजगार गांरटी पर विधानसभा में हंगामा–विपक्ष का वाकआउट, मुख्यमंत्री ने कहा आउटसोर्स पर कम होंगी भर्तियां, बनेगी नीति, कौशल विकास भत्ते में भी घोटाला।** हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**मुख्यमंत्री सुक्खू का बड़ा एलान व्हाइट पेपर कमेटी खोलेगी पूर्व भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल।**

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– **सबको सरकारी नौकरी संभव नहीं।** दिव्य हिमाचल लिखता है– **नई नौकरियों पर तनातनीः फिर वाकआउट।**

पंजाब केसरी की एक खबर है–**बिलासपुर के लदरौर में भूस्खलन, मलबे में दबने से मौत, भरमौर में भी पहाड़ दरका।**

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई पेमेंट के 10 वर्ष पूरा होने कि शानदार सफर को बताया महत्वपूर्ण–कहा इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व।
- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की आज पांचवी बैठक' मुख्यमंत्री हिम ऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–2026 रखेंगे सदन में।
- आज ईद–ए–मिलाद–उन–नबी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- कुल्लू जिला में किसान फल उत्पादन के साथ बेमौसमी सब्जियों को उगाकर अपनी आर्थिकी को कर रहे मजबूत।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार